Seventeenth Loksabha

p>

Title: Need to rename Singrauli-Patna Express as Shri Banshidhar Express-laid.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण बिषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि ट्रेन सं0-03349/03350 सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस प्रतिदिन श्री नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) स्टेशन होकर चलती है। श्री बंशीधर मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए झारखण्ड सरकार एवं गृह मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा मेरे अनुरोध पर उक्त स्थान का नाम जो पहले नगर उंटारी था उसे बदल कर श्री बंशीधर नगर किया गया है । उल्लेखनीय है कि पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर जोन के धनबाद मंडल में पड़ने वाले गढ़वा जिला अंतर्गत गढ़वा रोड़-चोपन रेल खंड पर स्थित श्री बंशीधर नगर को झारखंड राज्य का प्रमुख तीर्थ स्थल श्री बंशीधर धाम कहा जाता है। यहाँ पर श्री राधा-कृष्ण जी की 32 मन की विशुद्ध स्वर्ण प्रतिमा स्थापित है। ऐसी प्रतिमा अन्य स्थानों पर कहीं नही होने के कारण यहाँ पर प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है।

अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि श्री बंशीधर धाम की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को प्रकाश में लाने के लिए सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस का नाम श्री बंशीधर एक्सप्रेस करने की कृपा की जाय।